सार-समाचार

आग से लाखों का सामान जलकर राख

बीदासर (निस) कस्बे के वार्ड 19 गंगा कॉलोनी के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पीछे शिकंदर पुत्र मन्नु खां कलाल के घर पर मंगलवार की देर शाम एक कमरे में बिजली का शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिससे लाखों रूपये का घरेलू सामान जलकर आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने के समय घर में मां व ढाई वर्षीय मासूम में फस गई, तथा आग से निकल रहे काले धुएं से मकान में बेहोश हो गई। बाहर खेल रहे बच्चों ने घर में आग लगने का हो हल्ला किया तो मोहल्लेवासी दौड़ कर आए, तथा मोहल्ले के बाबूलाल मेघवाल ने दरवाजा तोड़ कर मां बेटी को बाहर निकाला, जिससे जनहानी नही हुई। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका की दमकल को भी सूचना दी, लेकिन दमकल सूचना देने के बावजूद भी समय पर नही पहुंचने से आग ने विकराल रूप ले लिया। तो मोहल्ले के लोगों ने पानी का टैंकर मंगवाकर आग पर काबू पाया। घर में लगी आग से घर का पुरा फर्नीचर, एलइडी, फ्रिज, कपडे व स्वर्ण आभूषण भी आग की भेंट चढ़ गए। घटना के समय घर का मालिक शिकंदर घर पर नही था। वह जोधपूर में नोकरी करता है। वही घटना की सूचना पर तहसीलदार अमर सिंह बोचला मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान जायजा लिया, तथा पीडित परिवार को उचित कार्यवाही कर आर्थिक सहायता दिलवाने का आश्वान दिया। वही आग पर काबू पाने के बाद दमकल पहुंचने पर मोहल्लेवासियों ने पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर आक्रोश प्रकट किया।

कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में 162 का चयन

हनुमानगढ़, (निसं)। राजस्थान दिवस-2026 के अवसर पर युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 350 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी विनोद गोदारा ने बताया कि शिविर में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के 8 संस्थानों ने भाग लेकर स्टॉल लगाए। इनमें भारतीय जीवन बीमा निगम, एचडीएफसी बैंक, मदन ऑटो पार्ट्स, एलान्स स्किल्स एजुकेशन टेक प्रा. लि., राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति निगम, सालासर मसाला उद्योग, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. तथा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शामिल रहे। शिविर में निजी कंपनियों द्वारा 43 अभ्यर्थियों, प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा 40 तथा स्वरोजगार योजनाओं के लिए 79 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस प्रकार कुल 162 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण, ऋण सुविधा अथवा निजी संस्थानों में अंतिम चयन के लिए चयनित किया गया है। गोदारा ने बताया कि ऐसे शिविर युवाओं और संस्थानों के बीच संवाद का प्रभावी मंच प्रदान करते हैं। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि वर्ष भर ऐसे और कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिकाधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

गौतम शर्मा सुसाइड मामले में आरोपी को जेल भेजा

नोहर, (निसं)। स्थानीय साडी व्यवसायी कमल कंदोई को पुलिस ने आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में नोहर जेल भेज दिया। यहां के केटरिंग व्यवसायी गौतम शर्मा सुसाइड प्रकरण के तीसरे व अंतिम आरोपी साडी व्यवसायी कमल पुत्र औंकारमल कंदोई को मंगलवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक गौतम शर्मा के परिजनों की मांग पर मामले की जांच सीआई अजय गिरधर से हटाकर डीएसपी सुभाष पूनिया को सौंपी गई थी। सूत्रों के अनुसार आरोपी कमल कंदोई ने समर्पण किया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में नोहर जेल भेज दिया गया। ज्ञात रहे कि इस मामले के आरोपी वीरेंद्र बेनीवाल को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसे न्यायालय से जमानत मिल गई थी, वहीं इस मामले के आरोपी वीरेंद्र के पिता रिटायर पुलिस कांस्टैवल सेक्टर पांच निवासी रामकुमार बेनीवाल को हाईकोर्ट से राहत मिली हुई है। जिससे उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

चरित्र उज्वल रखना : प्रजापति

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर जिला कारागृह के पिछे स्थित राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सरकार द्वारा निःशुल्क निराश्रित, अनाथ, असहाय, निर्धन सभी वर्गों की कक्षा छह से बारहवीं तक शिक्षा की शाला के सभागार में शिविर बुधवार को आयोजित किया। शिविर के मुख्य वक्ता एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति जिला अध्यक्ष सिविल राइट सोसायटी चूरू ने कहा कि जीवन सारा निर्णय का है। निर्णय समय पर लेता है वो आगे बढ़ जाता है। प्रजापति ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना है। उन्होंने पढ़ाई में बारह गुना पढ़ाई का फार्मूला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रधान बिनीता चाहर ने की। उन्होंने बच्चों को स्मार्ट फोन, टच स्क्रीन वाले मोबाइल से दूर रहने और चरित्र उज्वल रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि नागर मल प्रजापत ने बच्चों को मिठाई वितरण कर छुट्टियों का सदुपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में अध्यापिका सुनीता ने सहभागिता दी।

पोस्टर का विमोचन

चूरू (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में बुधवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से 26 मार्च को रामनवमी पर्व पर निकलने वाली विशाल भगवा शोभा यात्रा को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। रामनवमी शोभायात्रा आयोजन समिति के संयोजक गोपीचंद शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर विशाल भगवा रैली का आयोजन किया जायेगा। शोभायात्रा इंद्रमणि पार्क से रवाना होकर रेलवे स्टेशन, नई सडक, सुभाष चौक, सफेद घंटाघर, गढ़ चौराहा होते हुए श्रीराम मंदिर में पहुंचेगी।

राजस्थान दिवस पर 'धरती धोरां री' गीत को राज्य गीत बनाने की मांग

■ राजस्थान कला, संस्कृति व विरासत संरक्षण अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

चूरू (निसं)। राजस्थान कला, संस्कृति व विरासत संरक्षण अभियान के तत्वावधान में नगर श्री शोध संस्थान में मंगलवार शाम को राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कन्हैयालाल सेठिया राजस्थानी उछब मातृभाषा राजस्थानी के राजस्थान कला, संस्कृति व विरासत संरक्षण अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और बैंड पर कालजयी गीत धरती धोरां री गाकर किया गया। कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने आगंतुक अतिथियों का शब्दों के माध्यम से स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान दिवस के संदर्भ में हुए इस आयोजन को राजस्थानी भाषा के मूर्धन्य कवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया को समर्पित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि कन्हैयालाल सेठिया द्वारा रचित गीत धरती धोरां री को राजस्थान का राज्य गीत बनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह गीत राजस्थान की वीर प्रसूता भूमि का वंदन गीत हैं।

डॉ कच्छावा ने कन्हैयालाल सेठिया की रचना सरदार हियै सूं प्यारो हो और कुण जमीन रो धणी के माध्यम से सेठिया के राजस्थान को दिये महत्वपूर्ण अवदान पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य वक्ता राजस्थान के युवा आईकॉन और बिड़ला हॉस्पीटल पिलानी के निदेशक डॉ. मधुसूदन मालानी ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपनी मातृभाषा, अपनी संस्कृति और अपनी विरासत को संरक्षित करने और उसे सजीव रखने के ऐसे प्रयास वंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि कन्हैयालाल सेठिया की रचनाओं ने राजस्थानी भाषा की खुशबू को पूरे संसार में फैलाया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र डी. सोनी ने अपने अकादमी कार्यकाल में सेठिया की हवेली में कार्यक्रम करवाने का उदाहरण देते हुए कहा कि सुजानगढ़ में कन्हैयालाल सेठिया की हवेली को एक ऐतिहासिक स्मारक के रूप में परिवर्तित करने की महत्ती आवश्यकता हैं। क्योंकि उस हवेली में बैठ कर सेठिया ने साहित्य साधना की। राजस्थानी उच्छब कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. कमल सिंह कोठारी ने कहा कि मातृभाषा के बिना किसी प्रदेश की पहचान नहीं हो सकती। उन्होंने सरकार से मांग रखी कि राजस्थानी भाषा को अविलम्ब संविधान की आठवीं अनुसूची में जोडा जाये।

इस अवसर पर कन्हैया लाल सेठिया और राजस्थान के एकीकरण को लेकर उन्होंने कुछ दोहे भी सुनाएं। विशिष्ट अतिथि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ. बाजोरिया की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी, सुजानगढ़ कैमिस्ट एसोसिएशन के सचिव सुमनेश शर्मा, सोशल एक्टिविस्ट पार्थ सोनी, स्नेक रेस्क्यूवर महेश धर्ड, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। गुरूदास भारती ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

प्रशासन ने अतिक्रमण हटाए

नोहर, (निसं)। शहर के सबसे व्यस्त व वदहाल स्टेट बैंक मार्ग यानी गुड़ मंडी के चबूतरे तोड़ दिए गए। सुबह लोग इस मार्ग से गुजरे तो मार्ग को चौड़ा देख खुश हुए। वहीं यहां के दुकानदारों ने जब सुवह आकर दुकानें खोली तो, मन मसोस कर रह गए। कोई राजी हुआ तो कोई नाराज! पर इस कार्रवाई से जनता खुश है। वहीं बुधवार सुबह-सवेरे ही प्रशासन ने अरड़की मार्ग की सुध लेते हुए अतिक्रमणों पर धावा बोल दिया और इस मार्ग को 60 फीट खोल दिया गया यहां निरंजन पुत्र बृजमोहन गिदड़ा की दुकान पर हाईकोर्ट स्टे के चलते नहीं तोड़ी जा सकी। वहीं पुरुषोत्तम कंदोई, विमला राजकुमार वालासरिया सहित आधा दर्जन जनों की हाईकोर्ट में फाइल दाखिल होने के बाद भी दुकानें नहीं बच सकी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार वजरंग कुलहरी, अधिषाशी अधिकारी बसंत सैनी, पीडब्ल्यूडी एक्सइएन विनोद कुमार व पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर 1100 दीपों से जगमगाया श्री रघुनाथ जी का बड़ा मंदिर

■ रंगोली से हुआ हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर श्री रघुनाथ जी का बडा मंदिर 1100 दीपों से जगमगाया जबकि रंगोली से हिन्दू नववर्ष का भव्य स्वागत किया। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ के तत्वावधान में बुधवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या पर आध्यात्मिक चेतना अभियान के अंतर्गत नगर धणी श्री रघुनाथ जी के बड़ा मंदिर में भव्य दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम बड़ा मंदिर के महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 1100 दीपक प्रज्वलित कर अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया गया।

दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठा और वातावरण भक्तिमय बन गया।मंदिर प्रांगण में सालासर बालाजी महाराज के चित्र की आकर्षक एवं भव्य रंगोली बनाई गई जिसे ट्रस्ट की कार्यकर्ता पायल कुमावत एवं पलक कुमावत ने साकार किया।

महंत अशोक दास महाराज ने ट्रस्ट एवं बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में संस्कृति, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश भी देता है। उन्होंने सभी को साधुवाद देते हुए कामना की कि श्री रघुनाथ जी महाराज सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक रामनिवास शर्मा, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, सुभाष जोशी, गिरधारी लाल जाजोदिया, अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत, सुनील कुमार माली, अमित सोनी, पवन कस्वा, शशि प्रकाश कुमावत, महेश कुमावत, लोकित दईया, रोहित दईया, महेंद्र घासोलिया, पार्षद विष्णु शर्मा, दिनेश मारोठ वाला, रामप्रसाद सोनी, मनोज मिश्रा, विनोद सोनी, श्याम शर्मा, धीरेन कुमावत, कार्तिक बेडिया, रियांश जाजोदिया, नव्याश सोनी, राहुल शर्मा, मोहित शर्मा, कुशांश कुमावत, दिव्यांशु माटोलीया, सुमित माटोलीया, रौनक कुमावत, कृष्णा कुमावत, राजेश कुमार शर्मा, सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन

■ निःशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए

सीकर (निसं)। स्वास्थ्य विभाग का बुधवार का दिन गर्भवती महिलाओं के नाम रहा। चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और चिकित्सकों ने उनको गर्भावस्था के समय स्वास्थ्य का खास ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निःशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन प्रदान किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि बुधवार 18 मार्च को जिले के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया और चिकित्सकों ने गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। अस्पतालों में सोमवार को गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच गई। वहीं विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके। गर्भवती में खून की कमी पाए जाने पर उसे एफसीएम लगाकर लाभान्वित किया गया।

राजस्थान दिवस पर आज चूरू-झुंझुनूं में मंत्री अविनाश गहलोत का दौरा

झुंझुनूं (निसं)। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत 19 मार्च को झुंझुनूं और चूरू के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे, जहां वे प्रशासनिक समीक्षा बैठकों, बजट संबंधी प्रेस वार्ता और राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। यह दौरा जहां सरकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति को परखने का अवसर देगा, वहीं जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समन्वय को भी मजबूत करेगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री गहलोत गुरूवार को दोपहर 1:00 बजे जयपुर से प्रस्थान कर शाम 4:00 बजे झुंझुनूं पहुंचेंगे। आगमन के तुरंत बाद वे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें विभिन्न योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा होगी। इसके पश्चात शाम 5:30 बजे वे राज्य बजट के प्रमुख बिंदुओं को लेकर प्रेस वार्ता करेंगे। इस दौरान सरकार की प्राथमिकताओं, विकास योजनाओं और आमजन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। शाम 6:00 बजे स्काउट गाइड परिसर, झुंझुनूं में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंत्री शिरकत करेंगे, जहां स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके बाद मंत्री शाम 7:15 बजे झुंझुनूं से चूरू के लिए प्रस्थान करेंगे और रात 8:30 बजे चूरू पहुंचेंगे। चूरू में भी राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जो नांगलिया स्कूल खेल मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रमों के उपरांत मंत्री रात्रि 10:00 बजे चूरू से जेतारण के लिए रवाना होंगे और देर रात 1:30 बजे वहां पहुंचेंगे। मंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संबंधित अधिकारियों को बैठक, सुरक्षा, प्रोटोकॉल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

सार-समाचार

गौशाला में 11 पंखे उपलब्ध करवाए

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में युवा विकास समिति की प्रेरणा से स्वर्गीय जगदेव सोनी भामा की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी सुशीला देवी पुत्र राजेश, राकेश भामा के द्वारा 8 पंखे व रेवंतराम किशनलाल मौसूण श्री डूंगरगढ़,मुन्नी देवी, चाँदनी देवी लावट जयपुर ,धनाराम सोनी चांदू सोनी धूपड सूरतगढ़ के द्वारा 1-1 पंखा आगामी गर्मी के सीजन को देखते हुए श्री राजलदेसर गौशाला में गौ माता के लिए भेंट किया गया। इस मौके पर गौशाला परिवार की ओर से उनका दुपट्टा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर समिति के उपमंत्री शिवभगवान सोनी ने भामा परिवार व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सहयोग करने की कामना की। वहीं समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में गौ माता के लिए लाभदायक साबित होंगे। कुछ स्थानों पर पंखे नहीं होने पर गौ माता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन भामा परिवार व अन्य सहयोग दाताओं ने पंखे उपलब्ध करवाकर गौ माता को राहत पहुचाने का काम किया गया है। इस अवसर पर गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर समिति के मंत्री विनोद भाटिया, संरक्षक वीरेंद्र लाटा, रतनलाल बारुपाल, मदन दाधीच, परमानंद प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत, मधु श्रीमाल आदि उपस्थित रहे।

मीणा समाज की अनूठी पहल

पाटन (निसं)। एसएनकेपी कॉलेज नीमकाथाना के सामने तथा कुमावत छात्रावास के पिछे स्थित मानसरोवर कॉलोनी में मीणा समाज द्वारा एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ के कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार मीणा के पुत्र जन्मोत्सव एवं कुआं पूजन कार्यक्रम के अवसर पर समाज के लोगों के बीच मात्र 101 रुपये का योगदान लेकर एक नया संदेश दिया गया। इस पहल का उद्देश्य सामाजिक आयोजनों में फिजूलखर्ची को रोकना और सादगी के साथ सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक फर्श पर बैठकर सादगीपूर्वक आयोजन में भाग लिया, जिससे समाज में समानता, एकता और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से झलकती नजर आई।मीणा समाज की इस पहल ने यह साबित किया कि सामूहिक सोच और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े सामाजिक बदलाव संभव हैं। यह संदेश न केवल मीणा समाज बल्कि सभी समुदायों के लिए प्रेरणादायक है कि वे एकजुट होकर सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को मजबूत करें।

शान्तिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील

तारानगर (निसं)। आगामी त्यौहार ईद उल फित्तर, रामनवमी, गणगौर आदि को लेकर तारानगर थाना परिसर में डीएसपी रोहित सांखला की अध्यक्षता में बुधवार को सीएलज़ी सदस्यों व शान्ति समिति सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। डीएसपी रोहित सांखला व इंचार्ज आरपीएस शुश्री सविता बुरी ने सभी से शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। सांखला व बुरी ने कहा त्यौहार हमें एकता शान्ति व भाईचारे का संदेश देते है इसलिए हमें शान्ति पूर्वक भाईचारे के साथ त्यौहार मनाना चाहिए।

नवसंवत्सर का आगाज

सीकर (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज भढाढर सीकर में हिन्दी मास के नववर्ष के पूर्व संध्या पर रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं के आठ ग्रुप बनाये गए जिसमें अंशु, सोनम, आइना, निकिता, माया के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय व तृतीय स्थान बबीता व अवंतिका ग्रुप ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अभिलाषा प्रथम स्थान पर व द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः छात्रा अनूसूया व आइना रही।

बेदखली सूचना मैं केशराराम पुत्र नथुराम जाति मेघवाल उम्र 59 वर्ष निवासी रावतसर कुंजला तह. राजगढ़ (चूरू) का हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि :- 1. यह कि सुमेरसिंह व दुलीचन्द मेरे पुत्र तथा सरोज पत्नि सुमेरसिंह व ममता पत्नि दुलीचन्द मेरी पुत्रवधु है। मेरे पुत्र सुमेरसिंह व दुलीचन्द और सरोज व ममता पुत्रवधु आवारा प्रवृति के लोगों के संगत मे रहते है मेरे द्वारा समझाने पर नही मान रहे है, आये दिन मेरे से व मेरी पत्नि रोशनी से झगड़ा करते है, मेरे व मेरे परिवार / समाज के नाम से लोगो से सामान व रूपये ले लेते है और उनको वापिस नही देते है, मेरे उक्त पुत्र व मेरी उक्त पुत्रवधु शादी के बाद से ही मेरे से अलग रह रहे है। मैने दिनांक 17.03.2026 को मेरे उक्त पुत्र व पुत्रवधु को मेरे परिवार की संम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज से मेरे उक्त पुत्र व दोनों पुत्रवधू का हमारी किसी भी प्रकार की चल अचल जायदाद व सम्पति मे कोई हक व हिस्सा नही रहा है, मैने मेरे परिवार से इनको अलग कर दिया है आज से मेरे उक्त दोनों पुत्र व दोनों पुत्रवधू मेरे परिवार के सदस्य नही रहे है आज के बाद से उक्त चारो (पुत्र-पुत्रवधू) द्वारा किये जाने वाले किसी लेन-देन के जिम्मेवार हम, (केशराराम व मेरी पत्नी रोशनी) नही होंगे। लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे, हमारे घर व परिवार मे इनका कोई लेना देना नही रहा है, इनके द्वारा किसी प्रकार का लेन देन करने, वाद-विवाद या झगड़ा फसाद करने पर या अन्य कोई भी गलत काम करने पर मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी। मै सर्व साधारण को सूचित करता हूँ, कि सूचित रहे।

शपथग्रहिता- केशरराम

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21139640 दिनांक :-18.03.2026

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गुड्डी देवी पति श्री मनीराम योती जाति जाट निवासी वार्ड नं.21 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने आवासीय भूखण्ड साईज 1806 वर्गफुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा कच्ची बस्ती के तहत श्रीमती गुड्डी देवी पति श्री मनीराम व श्री मनीराम पुत्र श्री रूपराम जाति जाट के नाम से साईज 1806 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री मनीराम की मृत्यु दिनांक 25.09.2020 को हो चुकी है। जिनके जायज वारीस श्रीमती गुड्डी देवी, अमर सिंह, नरेन्द सिंह है। उक्त वारिसो द्वारा जरिये पंजीकृत दस्तावदारी दिनांक 11.03.2026 द्वारा अपना-अपना हिस्सा अपनी माता श्रीमती गुड्डी देवी को दान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ(राज)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2026/21069326 दिनांक :-18.03.2026

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सावित्री देवी पति श्री नन्दलाल जाति अग्रवाल निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने व्यवसायिक भूखण्ड सैक्टर सब्जी मण्डी भूखण्ड सं. 43 साईज 20'गुणा 40' फुट के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री राधेश्याम पुत्र श्री रामचन्द्र के नाम से साईज 20' गुणा 40' फुट का जारीशुदा है। श्री राधेश्याम ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैचनामा दिनांक 24.01.2004 द्वारा श्रीमती सावित्री देवी पति श्री नन्दलाल का बैचान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

डाबला स्टेशन श्मशान घाट में फैली गंदगी से लोगों में रोष

■ श्मशान घाट की बदहाल स्थिति देखी तो लोगों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया

पाटन (निसं)। सीकर जिले के नीमकाथाना उपखंड की पाटन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहार के डाबला स्टेशन बाजार स्थित श्मशान घाट की हालत इन दिनों बेहद दयनीय बनी हुई है।

मोक्षधाम के रूप में पूजनीय इस स्थान को कचरा डालने का केंद्र बना दिया गया है, जहां चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हैं और दुर्गंध के कारण लोगों का खडा होना तक मुश्किल हो रहा है। हाल ही में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अंत्येष्टि के दौरान पहुंचे सैकडों लोगों ने जब श्मशान घाट की बदहाल स्थिति देखी तो गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

उपस्थित लोगों ने कहा कि जहां इंसान का अंतिम संस्कार होता है, उस पवित्र स्थल को इस प्रकार कचरे के ढेर में तब्दील करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

अंत्येष्टि में मौजूद पंडित भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि श्मशान घाट में चारों तरफ कचरा फैला हुआ है और गौवंश उसमें मुंह मारते नजर आते हैं, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधियों और पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं ग्राम पंचायत बिहार के सरपंच प्रतिनिधि सतबीर यादव और उप सरपंच रामकुमार यादव ने सफाई व्यवस्था को लेकर अलग ही तस्वीर पेश की। उनका कहना है कि पहले पंचायत के ठेकेदार द्वारा यहां कचरा डाला जाता था, लेकिन वर्तमान में पड़ोसी ग्राम पंचायत स्यालोदडा के ठेकेदार द्वारा यह कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही कचरे को हटवाकर वहां मिट्टी भराई कराई जाएगी।इधर पूर्व पार्षद जगदीश प्रसाद गोयल ने भी इस समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि श्मशान घाट के कायाकल्प के लिए प्रशासन से बजट की मांग की गई है।

बजट स्वीकृत होते ही जनसहयोग से इस मोक्षधाम को सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त विकसित किया जाएगा। फिलहाल, स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द संज्ञान लेकर इस पवित्र स्थल को गंदगी से मुक्त कराए, ताकि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्य गरिमा के साथ संपन्न हो सकें।

आपणों चूरू आपणों महोत्सव
सत्यमेव जयते राजस्थान सरकार
राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चूरु जिले की विशिष्ट पहचान
पंच गौरव संग
2026
चूरू महोत्सव
संस्कृति · विरासत · सद्भाव
19-20-21 मार्च 2026
स्थान : बागला स्कूल खेल मैदान, चूरु
समय : सायं 06.15 बजे से रात्रि 10 बजे तक
हेरिटेज कॉर्निवल यात्रा
प्रातः 07:30 बजे, गोपाल जी मंदिर गढ़ परिसर से प्रारम्भ
राजस्थान स्थापना दिवस समारोह
प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए क्यू आ